卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 38 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦14 नवम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

THE DENTAL STUDIO
दाँतों का अस्पताल

DR. HARSHDEEP AINGH
B.D.S, MDS (Orthodontist)
Braces Specialist

DR. JASMINE KAUR
B.D.S, UCSF (University of California)
Laser Specilist

• सिंगल सिटिंग आर. सी. टी. (RCT)
• सिंगल सिटिंग इंम्प्लांट (Implant )
• इंम्प्लांट (Implant) द्वारा फिक्स बतीसी एवं ब्रिज बनाना ।
• टूटे हुए दाँतों को लेजर द्वारा दुरुस्त बनाना ।
• मुंह की रसौली, गांठ एवं छाले का लेजर द्वारा सफल इलाज।
• फ्रेक्चर जबड़े एवं एक्सीडेंटल जबड़े का सफल इलाज ।
• बिना दर्द के दाढ़, दाँत व सर्जरी द्वारा दाढ़ निकालना ।
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों का सफल इलाज।

• अलाईनर्स (Aligner)
• सिरेमिक ब्रेसिज (Ceramic Braces)
• मेटल ब्रेसिज (Metal Braces )
• खोखले दाँतों में लेजर द्वारा मसाला भरना ।
• पान, गुटके वाले पीले दाँतों का इलाज ।

• बच्चों के दाँतों का पूर्ण इलाज ।
• अल्ट्रा सॉनिक मशीन द्वारा पायरिया वमसूड़ों से खून, बदबू, सूजन का इलाज ।

फ्री डेन्टल चैकअप एवं फ्री डिजिटल एक्स-रे (X-Ray)

दाँतों का सभी प्रकार का इलाज आधुनिक मशीनों द्वारा किया जाता है ।

Opp. Om Hospital, Near BHEL Petrol Pump, Nainital Road, Rudrapur (U.S.Nagar)
Mob. 9917111112, 7007849961

## दरिंदे प्रेमी ने कर दिये प्रेमिका के 35 टुकड़े

### प्रेमी आफताब की गिरफ्तारी के बाद हुआ सनसनीखेज खुलासा

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। दक्षिण दिल्ली पुलिस ने दरिंदे प्रेमी आफताब अमीन पूनावाला को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा की पहले हत्या की, इसके बाद उसके शरीर के 35 टुकड़े किए और फिर दिल्ली में जगह-जगह फेंक दिया। महाराष्ट्र के पालघर में अपने पिता विकास मदान वाकर के साथ रहने वाली श्रद्धा मुंबई के कॉल सेंटर में जॉब करती थी। मुंबई में रहने के दौरान उसे आफताब से प्यार हुआ और वह लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। पूछताछ में आफताब ने दिल्ली पुलिस को बताया कि लिव इन में रहने के दौरान श्रद्धा उस पर शादी के लिए हमेशा दबाव बनाती थी। इसको लेकर अक्सर उन दोनों के बीच झगड़ा होता था। इसके बाद हत्या की पूरी प्लानिंग के साथ आफताब शादी का झांसा देकर श्रद्धा को दिल्ली ले कर आया। इसके बाद दिल्ली के छतरपुर इलाके में किराये के मकान में रहने लगा। 18 मई को भी दोनों के बीच शादी को लेकर जमकर झगड़ा हुआ। इस बीच आफताब ने अपना आपा



खो दिया और गला दबाकर श्रद्धा को मार डाला। 18 मई को श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या करने के बाद आफताब ने उसके शरीर के 35 टुकड़े किए। इसके बाद दिल्ली के कई इलाकों में फेंका दिया। श्रद्धा के पिता विकास मदान वाकर ने बताया कि कई महीनों से उनका बेटी श्रद्धा से संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसके बाद वह 8 नवंबर को दिल्ली के छतरपुर स्थित फ्लैट में आए, क्योंकि उन्हें जानकारी लगी थी, वह यहां पर किराये पर रहती है। यहां मकान के दरवाजे पर ताला लगा होने के बाद विकास ने महरौली थाने में पहुंचकर पुलिस को अपहरण की सूचना दी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद पूरे मामला का खुलासा कर दिया। फिलहाल आरोपित आफताब दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में है। 6 महीने पहले हुई इस हत्या का खुलासा दिल्ली पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किया है। इसके लिए दिल्ली पुलिस को पूरी दिल्ली की खाक छाननी पड़ी, गिरफतारी के लिए महाराष्ट्र तक जाना पड़ा। श्रद्धा के पिता विकास मदान वाकर अपनी बेटी श्रद्धा की हत्या से भी अनजान थे। उनका अपनी बेटी से कई महीनों से संपर्क नहीं हो पा रहा था, इसलिए 8 नवंबर को बेटी श्रद्धा के अपहरण की दिल्ली के महरौली थाने में दर्ज कराई थी।

## व्यापारी के खाते से 11.60 लाख गायब

### विरोध में व्यापारियों ने बैंक में काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापारी के खाते से अचानक 11.60 लाख रूपये गायब हो गये। मामले को लेकर व्यापारियों ने बैंक पहुंचकर हंगामा किया। बैंक प्रबंधक ने मामले में जांच का आश्वासन दिया है। जानकारी के मुताबिक आदर्श



कालोनी निवासी न्यू शिवाय लोजिस्टिक के स्वामी मोहित बब्बर के मोबाईल में बीती शाम मैसेज आया जिसमें उन्हें पता चला कि उसके खाते से 11.60 लाख रूपये गायब हो गये है। मैसेज देखकर मोहित दंग रह गया। (शेष पृष्ठ सात पर)


## 16.44 ग्राम स्मैक सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने 16. 44 ग्राम अवैध स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से तस्करी में उपयोग की गई स्कॉर्पियो वाहन को भी सीज किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ मादक पदार्थ की तस्करी के रोकथाम के लिए चौकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चौकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कार्पियो वाहन से पहाड़ों में स्मैक की तस्करी करने जा रहा है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस की संयुक्त टीम के साथ घेराबंदी कर जाल बिछाया। पुलिस को साहनी नर्सरी के सामने कच्चे रास्ते पर प्रतापपुर ग्राउंड वाहन संख्या डीएल 11 सीए 2123 स्कॉर्पियो वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर आरोपी वाहन छोड़ कर भगाने लगा। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव आरोपी का पीछा करते हुए कुछ ही दूरी पर दबोचा लिए। पुलिस ने जेबों से तलाशी ली तो उसके कब्जे से 16.44 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से तस्करी में उपयोग की गई स्कॉर्पियो वाहन को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कस्बा(शेष पृष्ठ सात पर)



## व्यापारी नेता निर्मल सिंह हंसपाल के पुत्र पर हमला करने वाले दो दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल के पुत्र जगदीप सिंह हंसपाल पर हुए जान लेवा हमले का पुलिस ने खुलासा कर दो हमलावरों को रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल की गई स्कार्पियो भी बरामद कर ली है।पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान मुखविर ने सूचना दी कि जगदीप सिंह हंसपाल पर हमला करने वाले दो युवक रूद्रपुर में कूड़े के ढेर के पास खड़े है तथा भागने की फिराक में है। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को धर दबोचा। दोनों ने अपने नाम अभय सक्सेना ऊर्फ चाइना पुत्र रविंद्र सक्सेना व शुभम यादव पुत्र निवासी भदाईपुरा बताया।पूछताछ पर दोनो ने बताया कि उनका विवाद जगदीप सिंह हंसपाल से पूर्व में हुआ था जिसका बदला लेने की वो फिराक में थे। घटना वाले दिन वो लोग स्कार्पियो से उसके पीछे लग गए। तथा दो अन्य साथी भी मोटर साइकिल से आ गए। टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर उन्होंने जगदीप को गिरा दिया तथा लाठी डंडों से जमकर पीटा और भाग गए। घटना का खुलासा करने के दौरान क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ओम निरीक्षक बसंत प्रसाद सुनील बिष्ट कांस्टेबल देवराज उमेश सिंह मोहम्मद हसीन नितिन रौतेला पूर्ण गिरी मुख्य रूप से मौजूद थे।



## डाकघर के आउटसोर्स कर्मियों ने फूंका आंदोलन का बिगुल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नौकरी से निकालने और तीन माह का वेतन नहीं देने के खिलाफ डाकघरों के आउट सोर्स कर्मियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। धरना प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। धरने पर बैठे आउटसोर्स कर्मियों का कहना था कि वह 11 वर्ष से डाकघर में काम कर रहे थे। उनकी नियुक्ति आउटसोर्स के जरिये हुई थी। (शेष पृष्ठ सात पर)



## अधिवक्ताओं ने एसएसपी का पुतला फूंका

### आंदोलन को प्रदेश व्यापी करने की चेतावनी, उच्चाधिकारियों से सांठ-गांठ का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी में तैनात दारोगा नवीन बुधानी के खिलाफ कार्यवाही ना होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने आज कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते हुए एसएसपी का पुतला दहन कर दिया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने कहा कि एसआई को सस्पेंड करते हुए विधिक कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को आगे और उग्र किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि कटोराताल चौकी प्रभारी पर आरोप है कि उन्होंने वयोवृद्ध अधिवक्ता सफीक तथा उनके पुत्र के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने के बाद पिता पुत्र से अभद्रता करते हुए 20 हजार रुपयों की नकदी ऐंठ ली। इसी मामले को लेकर बाहर अध्यक्ष संजय चौधरी व सचिव प्रदीप कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि वैसे तो सरकार भ्रष्टाचार को समूल समाप्त करने का दम भर्ती है लेकिन एसआई द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए खुलेआम रिश्वत मांग कर पुलिस विभाग व समाज को बदनाम करने के बावजूद कार्यवाही (शेष पृष्ठ सात पर)



### डीजीपी,एसएसपी व क्षेत्रीय विधायक को भेजी जा चुकी है शिकायत

काशीपुर। अधिवक्ता एवं उनके पुत्र से मारपीट के मामले में बीते 11 अक्टूबर को कोतवाली में धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत हुआ था। अधिवक्ता का आरोप है कि कटोराताल चौकी इंचार्ज नवीन बुधानी ने अभियुक्तों से हमसाज होकर पिता-पुत्र पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उपनिरीक्षक पर यह भी आरोप है कि अधिवक्ता शफीक व उसके पुत्र फैजान को चौकी में बुलाकर डराया धमकाया और (शेष पृष्ठ सात पर)

# गढ़वाली कुमाऊंनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए धरना

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोक-भाषा साहित्य मंच दिल्ली ने गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए जन्तर मन्तर में एक दिवसीय धरना दिया। जिसमें केन्द्र सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसम मांग की गई कि सरकार शीघ्र ही गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करें। उत्तराखण्ड लोक भाषा साहित्य मंच दिल्ली के संरक्षक डा विनोद बछेती न कहा कि हम दिल्ली में गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं की कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं । आज समय आ गया है कि गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। उत्तराखण्ड लोक भाषा साहित्य मंच दिल्ली के संयोजक दिनेश ध्यानी ने कहा कि गढ़वाली कुमाऊनी हजार साल से भी अधिक पुरानी भाषायें हैं ।इनमें हर विधा में लिखा गया है। साहित्य अकादमी, हिन्दी अकादमी समेत सरकारी स्तर पर इन भाषाओं के साहित्यकारों को समय समय पर सम्मान दिया गया है। इसलिए सरकार को इन भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर उत्तरखण्ड राज्य के वरिष्ठ



आंदोलनकारी पूर्व मंत्री व कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि सरकार शीघ्र ही गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करें। इस दिशा में उत्तराखण्ड सरकार को सदन से प्रस्ताव पास करना चाहिए। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष श्री अजय बिष्ट, वरिष्ठ रंगकर्मी श्रीमंती संयोगिता ध्यानी , महेश चंद्र, महावीर सिंह राणा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए व गढ़वाली कुमाऊनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने का पुरजोर समर्थन किया। समन्वयक श्री अनिल पन्त ने कहा कि जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाती हमारा आन्दोलन लगातार चलना चाहिए। इस संबंध में उत्तराखण्ड के सभी साहित्यकारों से बात की जायेगी। साहित्यकारों श्री वरिष्ठ साहित्यकार श्री ललित केशवान, रमेश घिल्डियाल, जयपाल सिंह रावत, दर्शन सिंह रावत, गिरधारी सिंह रावत, जगमोहन सिंह रावत जगमोरा, प्रदीप रावत खुदेड, श्रीमती रामेश्वरी नादान, सुशील बुडाकोटी, ओमप्रकाश आर्य, प्रतिबिंब बड़थ्वाल, द्वारिका प्रसाद चमोली, केशर सिंह नेगी, बृजमोहन शर्मा वेदवाल, अनोप सिंह नेगी, रंगकर्मी खुशहाल सिंह बिष्ट, अनिल कुमार पन्त, उमेश बन्दूणी, सत्येन्द्र सिंह रावत, देवीसिंह रावत, प्रताप सिंह थलवाल, आदि ने भाग लिया वो अपनी रचनाओं के माध्यम से भाषा आन्दोलन को अपना समर्थन दिया। सभी न हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर सरकार को अपनी बात समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश घिल्डियाल व श्री दर्शन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया। केन्द्र सरकार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भी दो ज्ञापन सरकार को सौंपे जा चुके हैं लेकिन अभी तक कुछ पहल नहीं हुई। सभी न आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार हमारी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल जरूर करेंगी।

# कांग्रेसियों ने पंडित नेहरु की जयंती मनाई

किच्छा(उद संवाददाता)।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष में समस्त कांग्रेसजन किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के कार्यालय में एकत्रित हुए और पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया।इस मौके पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा हमारे देश के नव- निर्माण और विकास तथा भारतीय राजनीति में पंडित जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता,जवाहर लाल नेहरू जी के नेतृत्व में भारत देश ने तरक्की के नए आयाम स्थापित किए थे , कूटनीतिक और राजनीतिक मसलो में देश को मजबूती प्रदान की । विधायक तिलकराज बेहड ने बाल दिवस के मौके



पर सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी ।उपस्थित सभी पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के पद चिन्हो पर चलने का प्रण किया तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,ओमप्रकाश दुआ, गिरीश चिटकारा,आरिफ कुरैशी,मिसबाउल कुरेशी, नंदलाल, धर्मेंद्र सिंधी, गौरव बेहड, अशोक मित्र,नितिन शर्मा, बलविंदर सिंह, लवली कक्कड़, भूरा हाजी, सुनीता कश्यप, सोनी बोरा, पूनम,आरती, मीणा देवी ,एन यू खान,ताहिर,जमील एहमद, भानु वासवानी,अर्जुन कोली, बाबू कोली आदि लोग उपस्थित रहे।

# बंदियों,ग्रामीणों व विद्यार्थियों को दीं कानूनी जानकारियां

## विधिक प्राधिकरण का हक हमारा भी तो है अभियान का समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के निर्देशानुसार जनपद ऊधम सिंह नगर में 31अक्टूबर से 13 नवम्बर तक हक हमारा भी तो है अभियान का गत दिवस समापन किया गया। अभियान के तहत जनपद के अन्तर्गत जेलों में निरूद्ध बंदियों की विधिक समस्याओं का निस्तारण हेतु अभियान चलाया गया तथा कानूनी जागरूकता एवं आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण अभियान अभियान के अन्तर्गत जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्राधिकरण द्वारा एडीआर केन्द्र में अभियान के सफल आयोजन के संबंध में एक समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुशील तोमर द्वारा विधि छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सचिन कुमार पाठक ने बताया कि नालसा हक नैनीताल एवं केन्द्रीय कारागार, सितारगंज व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, रूद्रपुर में अभियान चलाया गया। अभियान में कोर टीम का गठन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधि टीम में कारागार फील्ड टीम में पैनल अधिवक्तागण, पराविधिक कार्यकर्तागण एवं विधि छात्र-छात्राओं आदि को सम्मिलित किया गया। सम्प्रेक्षण गृह फील्ड टीम में पैनल अधिवक्तागण, रूद्रपुर में कार्य किया गया। उन्होंने बताया कुल लगभग 2000 बंदियों से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।कानूनी जागरूकता एवं आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का





हमारा भी तो है अभियान के अन्तर्गत जेलों में बंद विचाराधीन बंदियों एवं सिद्धदोष बंदियों की विधिक समस्याओं के निस्तारण हेतु 31अक्टूबर से 13 नवम्बर तक उपकारागार हल्द्वानी, करण सचिव सचिन कुमार पाठक, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र पाल सिंह, परवेज आलम एवं अनिल कुमार एसोसियेट प्रोफेसर, चाणक्य लॉ कॉलेज को सम्मिलित किया गया। गठित फील्ड पराविधिक कार्यकर्तागण एवं विधि छात्र-छात्राओं आदि को सम्मिलित किया गया। उक्त टीमों द्वारा उपकारागार हल्द्वानी, नैनीताल एवं केन्द्रीय कारागार, सितारगंज तथा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत इस प्राधिकरण द्वारा पूरे जनपद में 23 टीमों का गठन किया गया। उक्त टीमों में पैनल अधिवक्तागण,पराविधिक कार्यकर्तागण, जिला प्रशासन की ओर से नामित एसडीएम, तहसीलदार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ के प्रतिनिधिगण, ग्राम प्रधान तथा लॉ कालेज के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया। उक्त टीमों द्वारा जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।टीमों द्वारा डोर टू डोर अभियान के दौरान टू नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर आम जनमानस से मिलकर उनकी विधिक समस्याओं का समाधान किये जाने हेतु विधिक सलाह दी गयी। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित पैम्पलेट्स, स्टीकर आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया गया। विधिक जागरूकता कार्यक्रमों एवं डोर टू डोर अभियान के माध्यमों से नागरिकों के मौलिक टू अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा अन्य कानूनी विषयों की जानकारी देकर आम जन मानस को जागरूक किया गया।

# खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक: मेहता

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुनानक एकेडमी के क्रीड़ा मैदान में दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता महोत्सव के अंतिम दिन टीम इवेंट में खो-खो एवं कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें सामूहिक रूप से नानकमत्ता खटीमा सितारगंज क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआरसी समन्वयक जसौद मेहता विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंद्रपाल मान ने संयुक्त रूप से किया।सर्वप्रथम समारोह में आए अतिथियों के द्वारा खिलाडियों का परिचय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बैंच लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जसौद मेहता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास



में बहुत सहायक है। इस तरह के खेल आयोजनों से उदयीमान खिलाड़ियों को एक उचित मंच प्राप्त होता है। अपने संबोधन में धर्म सिंह बिष्ट ने दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी की सराहना करते हुए कहा कि नानकमत्ता जैसे पिछड़े इलाकों में किसी संस्थान द्वारा इस तरह के आयोजन करना तारीफ के काबिल है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड कौमी एकता का गुलदस्ता है। सभी से खेल भावना से खेलना का आह्वान किया। खेल के मैदान में हार जीत तो होती है। पर खिलाड़ी वहीं होता है जो खेल के मैदान में उतरता है। छात्र छात्राओं को एक निश्चित लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। और कहा है की संघर्ष को झेलने वाला व्यक्ति ही सफलता की मंजिल प्राप्त करता है। कार्यक्रम का संचालन शंकर बसेड़ा ने किया। आयोजन समारोह में धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह, चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना, सूबेदार हीरा चंद, सुरेश चंद, एच सी सती, कैलाश जोशी, इंद्रपाल मान, नवीन अटवाल, के एन अटवाल, पीयूष गुप्ता, गौरव वर्मा, कंचन बसेड़ा, लक्ष्मी सामंत, पूरन गोस्वामी, आकृति कौर, क्षितिज, राजीव कुमार, आंचल जोशी, प्रभात डांगी, योगेश परिहार, नरेश चंद आदि लोग उपस्थित थे।

# घरों का गीला और सूखा कूड़ा अलग रखें: मेयर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने लोगों से गीता और सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करने की अपील की हैं। इसकी शुरूआत उन्होंने खुद अपने घर से की। मेयर रामपाल ने आज अपने निवास पर आई नगर निगम की टीम को गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग करके दिया। साथ ही कूड़ा एकत्र करने के लिए 50 रूपये यूजर चार्ज का भी भुगतान किया। इस दौरान मेयर ने कहा कि शहर को साफ और सुंदर बनाना सबकी जिम्मेवारी है। इसके लिए सिर्फ नगर निगम पर ही निर्भर न रहें। उन्होंने कहा कि नगर निगम अपने स्तर से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है लेकिन जनसहयोग के बिना यह काम संभव नहीं है। शहर तभी स्वच्छ और सुंदर होगा जब सभी लोग



इसमें भागीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे को इधर उधर या नालियों में ना फैंके। इससे न सिर्फ बिमारियां फैलने की संभावना बढ़ती है वहीं नालियां चोक होने से जलभराव की समस्या भी पैदा होती है। साथ ही मेयर ने कहा कि गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग डस्टविन में रखें और इस कूड़े को नगर निगम के कूड़ा वाहन में ही निस्तारित करें। मेयर ने कहा कि डोर टू डोर कलेक्शन योजना के टेंडर की समय सीमा समाप्त होने के कारण कूड़ा कलेक्शन का काम कुछ दिन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा था। अब कूड़ा कलेक्शन के लिए टेंडर पूरा हो चुका है जल्द ही सभी बस्तियों में नगर निगम के वाहन कूड़ा कलेक्शन के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कूड़ा इन वाहनों में ही डालें और समय पर यूसर चार्ज का भुगतान भी करें। इससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

# सड़क पर बेहोश युवक को पुलिस कर्मियों ने एंबुलेस से भेजा अस्पताल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े हुए एक युवक को पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिये अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार आज सुबह श्याम टाकीज रोड पर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। काफी देर तक वह सड़क किनारे पड़ा हुआ था लेकिन कोई हलचल नहीं होने पर जब राहगीरों ने उसे देखा तो वह नशे की हालत में मिला। इस बीच सूचना मिलने परतत्काल आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा व अन्य पुलिस कर्मी पंकज सजवाण व दिनेश चंद्र वहां पहुंचे और युवक की शिनाख्त के प्रयास किये। युवक बेहोशी की हालत में होने से कुछ नहीं बोल रहा था। उसे पानी सोडा पिलाकर होश में लाने का प्रयास किया और जब काफी देर तक उसे होश नहीं आया तो लगभग डेढ़ घंटे बाद एंबुलेस मंगवाकर उसे अस्पताल भेज दिया गया है। बहरहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भेजा गया है। राहगीरों ने बताया कि आपात कालीन सेवा 108 के नंबर पर सम्पर्क नहीं हो रहा है।

# चाचा नेहरू को याद किया

शांतिपुरी(उद संवाददाता)। प्राइमरी पाठशाला प्रथम और द्वितीय में प्रधानाचार्य राजेश्वरी पांडेय व आशा पांडेय और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ गणेश



उपाध्याय ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों को प्यार करते थे, वे कहते थे हमारे बच्चों को संस्कार व रहन-सहन व भोजन अगर अच्छा होगा। हमारा देश भी अच्छा रहेगा और आधुनिक भारत की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर महिपाल सिंह बोरा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बुजुर्गों को सम्मोहित कर जेवर ठगने वाले जीजा साले को पुलिस ने दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बुजुर्गों को निशाना बनाकर उन्हें अपनी बातों में लेकर सम्मोहित करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने बरेली निवासी जीजा साले को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मेट्रोपोलिस सिटी गेट के पास से हल्द्वानी की वृद्धा और आवास विकास निवासी वृद्ध को सम्मोहित कर लूटा गया सोने की चेन, अंगूठी और मंगलसूत्र बरामद किया है। बाद में पुलिस ने जीजा साले के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 7 नवंबर को हल्द्वानी हिम्मतपुर तल्ला भगवानपुर निवासी हेमा पंत पेंशन जीवित प्रमाण पत्र जमा करने ट्रेजरी कार्यालय आई हुई थी। शाम को वापस हल्द्वानी जाते समय स्कूटी सवार एक युवक ने उन्हें अपनी बातों में लेकर सोने के जेवरात लूट लिए। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि रविवार सुबह छतरपुर दिनेशपुर रोड पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान स्कूटी सवार दो लोग पुलिस को देख भागने लगे। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने उनका पीछा कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ग्राम बिलारी मलकुवा, थाना बिलारी, मुरादाबाद और हाल रामनगर निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र कुंवर पाल सिंह तथा ग्राम जौहरपुर सीबीगंज बरेली उत्तर प्रदेश और हाल गायत्री विहार पीरूमदारा बसई रामनगर निवासी विनोद कुमार शर्मा पुत्र सम्पूर्णानंद शर्मा बताया। बताया कि वे दोनों जीजा साले हैं। पूछताछ में उन्होंने मेट्रोपोलिस कालोनी गेट के पास से वृद्धा से सोने के जेवरात लूटने के साथ ही ट्रांजिट कैंप आवास विकास निवासी कृपाल सिंह से चार माह पहले सोने की अंगूठी और चेन लूटने की बात भी कबूल की। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



# एसबीआई ने लगाया मुद्रा योजना शिविर

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा गदरपुर द्वारा जरुरतमंदों के लिए वित्तीय मदद प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का शिविर लगाया गया। जिसमें करीब एक सौ लोगों द्वारा आवेदन पत्र भरकर जमा किये गये। रविवार को भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर राजेश कुमार एवं सहायक प्रबंधक गिरीश सिंह पंचपाल के नेतृत्व में हजारी लाल पेट्रोल पंप के पास मुद्रा लोन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा द्वारा चलायी जा रही वित्तीय मदद प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के विभिन्न लोन की जानकारी देते हुए चीफ मैनेजर राजेश कुमार ने बताया कि योजना के तहत शिशु लोन जो कि 50000 हजार रुपये, किशोर लोन जो कि 50 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये, तरुण लोन जो कि 5 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त लोन कारोबार करने के लिए दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी लोन लेना चाहे वह एसबीआई या आस पास के एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इस दौरान सहायक प्रबंधक पंचपाल सिंह ने लोन के आवेदन करने वालों को लोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उनके आवेदनों को भरा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला, युवा व्यापार मंडल महामंत्री नितिन छाबड़ा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया शिविर में पहुंचे और चीफ मैनेजर से परिचय करते हुए योजनाओं की जानकारी ली और भविष्य में व्यापार मंडल के सहयोग से व्यापारी हित में विशाल शिविर लगाने की बात कही। इस दौरान करीब 100 लोगों ने विभिन्न लोन के आवेदन जमा किये। इस मौके पर एसबीआई के सीएसपी विनोद कुमार, सुरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश, नोनिहाल सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।



# युकां कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महानगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में अंकिता भंडारी हत्या कांड की सीबीआई जांच करवाने, युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने व शान्त पहाड़ी प्रदेश में हो रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सीएम के पुतले को आग के हवाले कर दिया।यूथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर हत्याकांड के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास किया गया है। जो इस प्रकरण को समाप्त करने का षड्यंत्र है। साहू ने कहा भाजपा सरकार सीबीआई जाँच करवाने से भयभीत हो रही है। घटना के तुरन्त बाद डीएम एसएसपी को भी नही हटाया गया।आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग की जिसके लिए एक बेटी की बलि चढ़ा दी गई। पूर्व पार्षद राजेन्द्र बिष्ट, युवा नेता मोनू चौहान व सचिन राठौर ने कहा शान्त पहाड़ी प्रदेश में आपराधिक वारदातें बढ़ रही है। युवा रोजगार के लिये दर दर भटक रहा है। सरकार गूँगी बहरी बनी हुई है। जनता में धामी सरकार के रवैये से उबाल है।पुतला दहन करने वालों में प्रमुख रूप से शाहनवाज मलिक, कैलाश कोहली, सन्दीप भैंसोड़ा, दीपा खत्री, संजय कुमार, जमील कुरैशी, जतिन अग्रवाल, सौरभ साहू, अंकुश कुमार, रितिक बाल्मीकि, अमित कुमार, फहीम खान, ध्रुव रस्तोगी, सिद्धार्थ रस्तोगी, काव्य शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।




Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर





# जिलाध्यक्ष फर्स्वाण का नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा नगर मंडल ने जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण का रविवार को पार्टी कार्यालय में भव्य स्वागत किया। सभी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि फर्स्वाण के अध्यक्ष बनने से संगठन पहले से और अधिक मजबूत होगा।जमीनी स्तर से कार्य करने वाले नवागत जिलाध्यक्ष को प्रदेश संगठन द्वारा उनकी नेतृत्व शक्ति,संगठन हित के लिए अनवरत कार्य करने की बदौलत जिलाध्यक्ष बनाया गया है। प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ आपसी समन्वय के साथ संगठन हित के लिए कार्य करने को अपनी प्राथमिकता बताया।जिले में संगठन की मजबूती के लिए वरिस्ठ और युवा कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल किया जाएगा। संचालन हेम साह व कैलाश गड़िया ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पुष्पा आर्या,दीपा आर्या, मदन आगरी,सजंय परिहार, मनोज ओली, भवगती धपोला, प्रकाश साह, राजेश रौतेला, पंकज धपोला, तारा सिंह रावत, रूप साह, भावना गड़िया, दीपा आर्या, जीवंती कांडपाल, सभासद विक्की सुयाल आदि मौजूद रहे।



# दिल्ली की टीम ने जीता फुटबॉल फाईनल

## कॉर्बेट क्लब रुद्रपुर को भाटिया क्लब दिल्ली ने 4.3 से हराया

बागेश्वर(उद संवाददाता)। अम्बिका टीवीएस प्रायोजित फ्रैंड्स क्लब के तत्वावधान में यहां आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। फाइनल मुकाबला कॉर्बेट क्लब रुद्रपुर तथा भाटिया क्लब दिल्ली के मध्य खेला गया। निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। आयोजकों ने पैनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया। इसमें भाटिया क्लब दिल्ली ने 4-3 से मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम को जिलाधिकारी अनुराध ा पाल ने पुरस्कार बांटा। नुमाईशखेत मैदान में चल रही प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हो गया है। रविवार की शाम तीन बजे से फाइनल मुकाबला खेला गया। मैच देखने के लिए पूरा मैदान दर्शकों से भरा रहा। फाइनल मुकाबला कॉर्बेट क्लब तथा भाटिया फुटबॉल क्लब दिल्ली के मध्य खेला गया। पहला हाफ काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन एक दूसरे की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद पाए। दूसरे हाफ में दिल्ली के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने विपक्षी टीम पर पूरा दबाव बनाया, लेकिन बॉल को गोल पोस्ट के अंदर नहीं डाल पाए। इस तरह निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद आयोजकों ने पेनाल्टी शूटआउट कराने का निर्णय लिया। इसमें दिल्ली की टीम ने 4-3 से मुकाबला जीत लिया। दिल्ली के अंकित को बेस्ट गोलकीपर व रोहित को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पाल ने पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से आने वाले खिलाड़ियों को लाभ मिलता है। उन्हें बेहतर तकनीक सीखने का मौका मिलता है। प्रायोजक अम्बिका टीवीएस के ऑनर किशोर कपूर,मन्नू कपूर ने बताया कि देश प्रदेश में जिले का नाम पहुँचे इसके लिए बेहतर प्रबंधन से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ एक लाख तथा उपविजेता को 50 हजार की नगद धनराशि दी गई। सचिव कमल साह ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। शांतिपूर्ण प्रतियोगिता संपन्न होने पर उन्होंने सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया। संचालन महेश पंत ने किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रकाश साह, नवीन चंद्र साह, रमेश तिवारी, जीवन जोशी, किसन सोनी, मोनू कपूर,आदि मौजूद रहे।



# 24 कुंडीय गायत्री नवचेतना जागरण महायज्ञ हुआ संपन्न

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम शांतिपुरी में मनसा देवी माता शांतिपुरी नंबर दो के मुख्य मैदान में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सी हल्दुचौड़ और शांतिपुरी गायत्री परिवार के द्वारा 24 कुंडीय गायत्री नवचेतना जागरण महायज्ञ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को शांतिकुंज की टोली नायक शशिकांत सिंह, सहायक टोली नायक बसंतीलाल सोलंकी, युग गायक सुषेण मरकाम, युग वादक दिल थिर यादव सारथी व रविंद्र शर्मा द्वारा बहुत ही प्रेरणाप्रद और धर्म तंत्र से यज्ञ कर्मकांड को लोक शिक्षण के रूप में दर्शाते हुए शांतिकुंज द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं पर्यावरण सुरक्षा सफाई व्यवस्था कुरीतियां निवारण मध्य निषेध आदि बुराइयों को दूर करने के लिए विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में भव्य कलश यात्रा, विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत झांकियों एवं पर्वतीय ढोल दमाऊ और छोलिया नृत्य के साथ शांतिपुरी मुख्य बाजार से होते हुए भरतपुर ढाका ने नंदा देवी मंदिर होते हुए मुख्य बाजार में यात्रा निकाली गई। 11,12 एवं 13 नवंबर को यज्ञ और विभिन्न संस्कार संपन्न हुए। कार्यक्रम में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया और महा पूर्णाहुति के साथ महा प्रसाद वितरण हुआ। पूर्णाहुति में विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व सलाहकार उत्तराखंड डॉ गणेश उपाध्याय पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ लता उपाध्याय ,डॉ आशा राणा गायत्री शक्तिपीठ के बसंत पांडेय पांडे, इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ हरीश चंद्र तिवारी व सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, इंदर मेहता ,महेश कोरंगा, अमर दानू, शंकर जोशी ईश्वर कोरंगा, नारायण सिंह बिष्ट, विशन कोरंगा, ग्राम प्रधान विमला जोशी,चंदन कोरंगा चंदन बिष्ट, दिनेश कुनियाल सहित कई लोग उपस्थित थे।




# जनता संवाद कार्यक्रम में बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)।जनता संवाद में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन समस्याएं सुनी और उनके तत्काल निदान का आश्वासन दिया। विधायक बेहड़ आवास विकास अपने कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जनता संवाद के माध्यम से जनसंवाद किया। वहां तमाम लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर विधायक बेहड ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नेहा गुप्ता आवास विकास बी ब्लॉक राशन कार्ड की समस्या हेतु, आनंद नारायणपुर सुंदर कॉलोनी के निवासियों ने बिजली के बिलो समस्या से अवगत कराया, आनंदपुर के चार समूह की महिलाओं ने समूह योजना के अंतर्गत कार्य दिलवाने की मांग की ,मांग करने वालो मैं मोनी, लक्ष्मी, पुष्पा, विवाह, ललिता देवी, मालती, चंद्रावती, आशा देवी, कुसुम सैनी, गिरजा देवी, पुष्पा देवी, शिवराज आदि महिलाएं थी।विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनता संवाद में आये सभी क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया को भरोसा दिलाया की भले हि राज्य में उनकी सरकार न हो फिर भी वे जनता के हित के लिए वे निरंतर प्रयासरत है कि आम जनता को सारी समस्याए दूर की जा सके । इस दौरान चेयरमैन दर्शन कोली, भूपेंदर चौधरी, गुड्डू तिवारी, जगरूप सिंह गोल्डी, ताहिर, सुनीता कश्यप, बलवंत सिंह, एन यू खान, नितिन शर्मा, ओम प्रकाश दुआ, नवनीत सिंह, मिस्वौल कुरैशी, अशोक मित्रा, जितेंद्र संधू, डॉक्टर बृजकिशोर,गुरदास कालरा, धर्मेंद्र सिंधी, गौरव बेहड, अशोक मित्र,नितिन शर्मा, बलविंदर सिंह, लवली कक्कड़, भूरा हाजी, सुनीता कश्यप, सोनी बोरा, आरती, मीणा देवी ,एन यू खान,ताहिर,जमील एहमद, भानु वासवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

New Branch Opening Soon
R.A.N PUBLIC SCHOOL
Children are budding stars,
The more you embrace them, The more they shince
Happy Children's Day
ADMISSIONS OPEN
NURSERY
TO
CLASS IX AND XI
Science, Commerce
&
Humanities
CONTACT FOR ADMISSIONS
05944-297738, +91-9068809205
New Branch: Dibdiba, N.H.-87, Nainital Road, Bilaspur, Rampur (U.P.)

Happy Children's Day
TENDER SOULS' PUBLIC SCHOOL
Ring Road, Awas Vikas, Rudrapur (U.S.Nagar)
We Salute Our Great Warriors On The Very Day For Their Unforgettable & Brave Valour For The Country
Harish Kataria (Administrator)
05944-359453, 97564-97970

A Dynamic World Class School
Holy Child School
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), Delhi
Co-educational Day & Residential
Happy Children's Day
Website : www.holychildschool.in
Phone :05944-244301, 240128, 9219413613

Happy Children's Day
डॉयनेमिक नेशनल एकेडमी
जूनियर हाईस्कूल
(अंग्रेजी माध्यम)
भीष्म देव जायसवाल
प्रबन्धक
• प्रशिक्षित टीचर्स • एयर कूल्ड कक्षाऐं • प्ले रूम
निकट डाक्टर ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर फोन 05944-245455 मो. 8755556210

Happy Children's Day
जन्म भूमि इन्टर कॉलेज
सुमित राय
प्रबन्धक
ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर मो. 8630999299

Chhavi Shyam (Principal) 8077610564
Happy Children's Day
Shyam Arora (M.D.) 9084224552
KIDS KARE PUBLIC SCHOOL
Behind Shiv Dharam Kanta, Near Model Colony, Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar)

शिक्षार्थ आईये Happy Children's Day सेवार्थ जाईये
SISHU BHARTI INTER COLLEGE
प्रधानाचार्या व प्रबन्धक निदेशक
एम. एल. मदान
प्रशासन अधिकारी
श्रीमती सीता मदान
एल.आई.जी. 202, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊ. सि. नगर)
फोन 05944-242190 मो. 9045981789

Columbus Public School
(Affiliated to C.B.S.E, New Delhi) Affln. No.: 3530120
HAPPY CHILDREN'S DAY
99279 27999 +91 99279 63999
www.cps.edu.in cps.rudrapur@gmail.com
Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur, (U.S.Nagar) Uttarakhand-263153

# राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष ने सिडकुल क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने सिडकुल क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। मौके पर वहां कार्य



कर रही महिलाओं से बातचीत की। कुछ कंपनियों में विशाखा गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा था। जिस पर उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए इकाइयों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ बनाने के निर्देश दिए और इसकी तत्काल सूचना से अवगत कराने को कहा।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने सिडकुल क्षेत्र में विविन कंपनी का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से कंपनी में हड़कंप मच गया। उन्होंने कंपनी में जाकर सीधे वहां कार्य कर रही महिलाओं से बातचीत की और उनसे उनके कार्य आदि के बारे में जानकारी ली। अधिकतर महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं दिखी। उन्हें विशाखा गाइडलाइन आदि के बारे में कुछ पता नही था।उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों व कानूनी जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि सभी कंपनियां अपने वहां आवश्यक रूप से आपातकालीन नंबर, महिला हेल्पलाइन आदि नंबर चस्पा करें ।ताकि किसी भी महिला के साथ कोई उत्पीड़न, शोषण या कार्य के दौरान बुरा बर्ताव होता है तो वह आपातकालीन नंबरों पर फोन कर शिकायत कर सकती है। वही सभी कंपनी में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन करें और समय-समय पर उसकी बैठक करें। इसके लिए अपना रजिस्टर मेंटेन करें। इस शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के जरिए महिलाओं की समस्या तो सुनें ही वही इन कामकाजी महिलाओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी दें। अगर काउंसलिंग की जरूरत हो वह भी कराएं। इस दौरान कंपनी के जनरल मैनेजर मैनेजर सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# बालाजी दरबार और श्याम कीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रॉयल रेजीडेंसी बगवाड़ा स्थित मंदिर में आयोजित श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम कीर्तन में श्रद्धालु पूरी रात भजनों पर झूमते रहे। महंत जितेन्द्र दुबे के सानिध्य में आयोजित भव्य दरबार का शुभारम्भ विधिवत ज्योति प्रज्ववलित करके किया गया। जागरण में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर बालाजी महाराज और श्याम बाबा का गुणगान किया। दरबार में महंत जितेन्द्र दुबे ने भी अपने भजनों से बाबा को रिझाया। उन्होंने मेरा छोटा सा परिवार बाबा आ जाओ एक बार, मेरी पलकों का घर तैयार सांवरे आजा श्याम आजा श्याम, कीर्तन की है रात



बाबा आज थाणे आणो हैं आदि भजन सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल, भुवनेश अरोरा, संजय ठुकराल, शिव गिल्होत्रा, मोर सिंह यादव, राजीव चौधरी, राजीव राना, निखिल यादव, अभय यादव, मिंटू, राजीव रस्तौगी, प्रमोद कुमार, अमित यादव, राजेश शर्मा, अनिकेत यादव, विनीत, मनीष यादव, धर्मवीर रस्तौगी आदि समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद थे।

HAPPY CHILDREN'S DAY
E.L.P.S
(EXCELSIOT L'AVENIR PREPARATORY & PUBLIC SCHOOL)
An English Medium Co-educational Establishment
अध्यक्ष- जीतेन्द्र सिंह जाठौल उपाध्यक्ष- अरूनदीप जाठौल
प्रधानाचार्या- सिन्दरवीर जाठौल अध्यापकगण व समस्त विद्यालय परिवार
308, Avas Vikas Colony, Opp. Gurudwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Ph.: 05944-242004 Mob.: 8755236638

# रैली में शामिल होंगी आशा वर्कर्स

## दिल्ली में संसद के समक्ष आशाओं की अधिकार और सम्मान रैली 21को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर आगामी 21 नवंबर को आशाओं और स्कीम वर्कर्स की संसद के समक्ष अधिकार और सम्मान राष्ट्रीय रैली और महाधरना किया जायेगा। जिसमें पूरे देश की आशाओं और स्कीम वर्कर्स द्वारा भागीदारी की जायेगी। रैली की तैयारी को लेकर उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऐक्टू की हल्द्वानी ब्लॉक स्तरीय मीटिंग महिला अस्पताल हल्द्वानी में सम्पन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि, आशाओं को सरकारों ने मुफ्त का कार्यकर्ता समझ लिया है।आशाओं पर काम का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है। लेकिन केन्द्र सरकार आशाओं को वर्कर मानकर न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। इसके विपरित केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का बजट कम कर दिया है और एनएचएम के निजीकरण और एनजीओकरण की तैयारी की जा रही है।इसलिये पूरे देश की आशाओं ने दिल्ली में संसद के सामने एकत्र होकर अपने अधिकार और सम्मान के लिए मांग उठाने का फैसला लिया है। उत्तराखंड की आशायें भी देश भर की आशाओं और स्कीम वर्कर्स के साथ एकजुटता स्थापित करते हुए बड़ी संख्या में दिल्ली रैली में शामिल होंगी। यूनियन की हल्द्वानी अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा कि मातृ शिशु सुरक्षा के काम के लिए भर्ती की गई आशाओं के कंधों पर मातृ शिशु सुरक्षा के साथ साथ पल्स पोलियो अभियान, मलेरिया, डेंगू सर्वे, परिवार नियोजन, कोरोना, आपदा प्रशिक्षण, टीकाकरण से लेकर ओआरएस, बुखार की दवा बांटने आदि तक स्वास्थ्य विभाग की सारी योजनाओं और सर्वे का बोझ लाद दिया गया है। लेकिन महिला सशक्तिकरण के विज्ञापनों पर अरबों रुपये खर्च करने वाली सरकार आशाओं को वेतन और कर्मचारी का दर्जा देने के लिए तैयार नहीं है। यह आशाओं का शोषण नहीं तो और क्या है? यह शोषण उत्पीड़न अब नहीं चलेगा।रैली जिन मांगों को लेकर हो रही है उनमें आशा समेत सभी स्कीम वर्कर्स को नियमित वेतन और पेंशन की गारंटी देने,सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, पूरे देश में एक समान वेतन 28000 रुपये, सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने, सरकारी स्कीमों (एनएचएम, मिड-डे मील, आईसीडीएस, आदि) का निजीकरण/ एनजीओकरण बंद करने, स्कीम वर्कर्स के लिये काम के घंटे तय करने, कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक शोषण को रोकने के लिए जेंडर सेल का गठन करने की मांगें शामिल हैं।बैठक में सायमा सिद्दीकी, मुमताज, नीमा, हेमा शर्मा, पूनम देवी, रुखसाना, कमला बोरा, मीनू चौहान, चंपा मंडोला, गीता देवी, फरहीन, शोभा गोस्वामी, तनुजा तिवारी, अनीता, गीता बोरा, कमला आर्य, रोशनी आर्य, छाया, हुमेरा, सुमाइला, आशा बिष्ट आदि आशायें मौजूद रहीं।



# टैंट व्यापार एसोसिएशन का शपथ समारोह संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टेंट व्यापार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी हरवंश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे, महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कपिल, कोषाध्यक्ष चंदन साह, संगठन मंत्री योगेश तिवाड़ी, प्रचार मंत्री सोनू केसरवानी ने शपथ ली। संगठन में पहली बार व्यापार शिरोमणि और व्यापार भूषण का सम्मान दिया गया। व्यापार शिरोमणि के रूप में प्रकाश चंद्र भट्ट और व्यापार रत्न विमल तौलिया को प्रदान किया गया। संगठन के चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद्र भट्ट और सहायक चुनाव अधिकारी सन्नू पांडे का नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के नगर महामंत्री मनोज जायसवाल, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, जिला सयुक्त महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, जिला उपाध्यक्ष लाला जायसवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर के साथ टैंट व्यावसाई भोला दत्त भगत, नंदकिशोर जायसवाल, भय्यू जोशी, विमल तौलिया, अनिल आर्या, जगदीश जोशी, बबलू गुप्ता, नवीन बोहरा, गोपाल भट्ट, राजू भट्ट, भुवन जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, हेम चंद्र भगत, छन्नू मियां, हरिओम गुप्ता सहित सभी टेंट व्यापारी उपस्थित रहे।



# आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने जीती स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग अकैडमी की ओर से प्रथम इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियन शिप में 5 से 17 साल के करीब डेढ़ सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान की ट्रॉफी आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल , द्वितीय ट्रॉफी रुद्रपुर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग अकैडमी कोच सरोज कचूरा और तृतीय स्थान भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल को मिला। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, हिमांशु मिड्डा,सूरज,आशीष, परमेश, सुष्मिता, जयसिंह,जसपाल कौर,सुखविंदर सिंह,प्रतीक गर्ग,यमन बब्बर,अर्चित छाबड़ा, प्रवीण गोयल, दीपक शर्मा, राहुल शर्मा, बंटी कोली, हार्दिक डे, अर्जित कुमार, नक्श सिंह भैसोरा, युवांश बिष्ट, आद्विक सिंह, सुबोधिनी जोशी, मिलित यादव, विवेक कांडपाल, अगम दंग , सांवी, कनिष्का जोशी, दिवियांशु कांडपाल, सोनल बहल, श्याम सुंदर, जाएं शेख, अलीजा जोहेब शेख, भाव्यांश अग्रवाल, ट्विंकल शाही, मानस सरदार आदि भी थे।




# सहजप्रीत मिस्टर फ्रेशर और आंचल मिस फ्रेशर बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रुद्रपुर में खिलखिलाते चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामनाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास के डिप्लोमा इन फार्मेसी के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम प्रोग्राम मनाया। कॉलेज ऑफ फार्मेसी में स्वागत समारोह जिसका विषय फंकी फ्रेशर्स रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डॉ सीमा अरोड़ा तथा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह तथा संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा संस्थान के सीईओ अनुभव बाठला के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया, दीप प्रज्वलन के पश्चात डिप्लोमा इन फार्मेसी द्वितीय वर्ष की छात्रा सुमती मिश्रा ने स्वागत गीत गाया तथा आमीर ने डांस किया। पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा सीईओ अनुभव बाठला ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का संचालन छात्र अभिषेक मिश्रा तथा छात्र मो. सारीक ने बहुत ही बखूबी के साथ निभाया। उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें रवीना, आंचल, कल्पना, करन, सहजप्रीत ,संगीता, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य ,गायन, कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें मिस्टर फ्रेशर सहजप्रीत तथा मिस फ्रेशर आंचल को दिया गया। संस्थान की निर्देशिका डॉक्टर सीमा अरोरा ने बताया कि संस्थान में इस प्रोग्राम का उद्देश्य सभी नए छात्र-छात्राओं की भविष्य को एक नया आयाम देना है द्य कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सभी छात्र-छात्राओं को ध्यान कराकर अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रगणों को आभार प्रकट करने के लिए कहा द्य उन्होंने बताया कि एक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सफल समाज का निर्माण कर सकता है। उसके बाद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के शिक्षक नवनीत तिवारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए तकनीकी कुशलता, शिक्षण-पाठ्यक्रम तथा बच्चो को आगे बढ़कर मंजिल को पाने हेतु प्रोत्साहित किया। संस्थान के प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं कॉलेज के सी.ए.ओ. अनुभव बाटला ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस पूरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक मनाने के लिए सांस्कृतिक विभाग तथा संस्थान के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का पूरा सहयोग रहा एवं इस अवसर पर सभी विभाग के विभागाध्यक्ष और शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र ख्रछात्राएं उपस्थित रहे।









# अंडर14 जिला स्तरीय क्रिकेट कैंप का समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर में छह दिवसीय अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट कैंप के समापन हुआ। समापन के उपलक्ष पर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों को इस क्रिकेट कैंप के माध्यम से क्रिकेट की बारीकियां बताई गई। कैंप में बीसीसीआई लेवल ए कोच द्वारा 6 दिन तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला सचिव नूर आलम ने बताया कि छः दिवसीय अंडर 14 क्रिकेट कैम्प 47 क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राज्य स्तरीय क्रिकेट ट्रायल / प्रतियोगिता के लिए 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस छह दिवसीय कोचिंग में बीसीसीआई प्रशिक्षित लेबल ए कोच मोहम्मद इकरार,सुनील यादव,दीपक आर्य,संजय नेगी द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां बताई गई। क्रिकेट कैंप में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौर्य क्रिकेट एकेडमी के निदेशक आनंद कुमार मौर्य ,वरिष्ठ खिलाड़ी जितेंद्र छावड़ा ,कैंप के ऑब्जर्वर इंद्रनील कर ,बलवंत सिंह, खिलाड़ियों के अभिभावक तिलक राज अरोरा,मीनाक्षी रावत, कुलदीप कुमार,दीपा पाठक,प्रदीप कुमार,पवन कालरा, राकेश गुसाईं ,अरुण चुघ सहित अभिभावक गण उपस्थित रहे।






उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# वैश्विक पर्यावरण सम्मेलन

धरती के बिगड़ते पर्यावरण को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जिस अंदाज में सभी देशों को चेताया है, उसका मतलब यही है कि अगर जल्द ही हमने पर्यावरण नहीं सुधारा तो आने वाले वक्त में जीवन को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।मिस्र के शर्म अल-शेख में शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन यानी कॉप 27 के मंच से गुतारेस ने साफ कहा कि मानव जाति को बचाने के लिए अब कोई बहुत वक्त नहीं बचा है। इसलिए हमें अब यह तय करना होगा कि धरती को बचाने के लिए या तो हम एकजुट होकर तेजी से काम करें या सामूहिक रूप से खुदकुशी का फैसला कर लें। हालांकि ऐसी चेतावनी कोई पहली बार नहीं आई है। हर साल होने वाले इस वैश्विक पर्यावरण सम्मेलन में विशेषज्ञ और प्रतिनिधि देशों के नेता यह चिंता जाहिर करते आए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि अभी तक धरती को बचाने के प्रयासों में वैसी तेजी दिखाई नहीं दी है, जैसी होनी चाहिए। इसके पीछे कारण कोई नए नहीं हैं। कहना न होगा कि धरती को बचाने की मुहिम अमीर और गरीब देशों के खेमे में बंट गई है और अमीर-गरीब की इस राजनीति में पर्यावरण बचाने की मुहिम कहीं पीछे छूटती नजर आ रही है। इसीलिए यह सवाल भी लंबे समय से बना हुआ है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए होने वाला खर्च कहां से आए? क्या सिर्फ विकासशील और गरीब देश ही पर्यावरण खराब कर रहे हैं? हकीकत तो यह है कि पिछली दो सदियों के दौरान पश्चिम में जिस तरह का भौतिकवादी विकास हुआ है, वह पर्यावरण की कीमत पर ही हुआ है। जबकि धरती के पर्यावरण को बिगाड़ने का ठीकरा गरीब और विकासशील देशों पर फोड़ा जाता रहा है।पर्यावरण को सुधारने के लिए अमीर देशों का गुट गरीब देशों पर ही दबाव बनाते रहे हैं। इसके लिए उन पर कठोर कदम उठाने का दबाव डाला जा रहा है। यह ऐसा जटिल मुद्दा है जो शर्म अल-शेख में पहले दो दिन में उठा है। छोटे से देश बारबाडोस के प्रधानमंत्री ने इस मंच से साफ कहा कि जो कंपनियां जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं, उनसे पैसा वसूला जाए और उस पैसे को जलवायु संकट से निपटने के लिए गरीब देशों को दिया जाए। ऐसे मुद्दे को समर्थन देने वालों में भारत भी है। हाल में आक्सफेम ने अपनी एक रिपोर्ट जारी कर सबको चौंका दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के एक सौ पच्चीस सबसे अमीर लोग कार्बन उत्सर्जन के मामले में भी सबसे आगे हैं। इन लोगों के जो उद्योग हैं, वे कार्बन उत्सर्जन करते हैं, जबकि पर्यावरण को बचाने में इनकी कोई भागीदारी या जिम्मेदारी नहीं है। विडंबना तो यह है कि अमीर देशों का गुट लंबे समय से जीवाश्म इंधन के इस्तेमाल को घटाने और इसे पूरी तरह से बंद करने पर जोर दे रहा है। ऐसा दबाव विकासशील और गरीबों देशों पर ज्यादा है। इसमें भी एशिया के देशों की संख्या कहीं ज्यादा है। लेकिन सच्चाई यह है कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई बड़े और अमीर देशों में अभी भी जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है। एशिया में चीन में अभी दशकों तक जीवाश्म ईंधन का प्रयोग बंद नहीं होने वाला। अब तक के पर्यावरण सम्मेलनों में अमीर देशों का क्या रुख रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अगर धरती को बचाना है तो बड़ों को अपनी जिम्मेदारी पहले निभानी होगी।

# धर्मांतरित को नहीं दिया जा सकता आरक्षण!

भारत एक ऐसा विचित्र देश है, जहां 75 सालों से अनुत्तरित चले आ रहे सवाल नए-नए रूपों में प्रगट होते रहते हैं। ऐसा ही अनुत्तरित प्रश्न धर्मांतरित ईसाई और मुस्लिम बने अनुसूचित जाति बनाम दलित लोगों से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला विचाराधीन है। इस बाबत केंद्र सरकार ने न्यायालय को शपथ-पत्र देकर साफ कर दिया कि भेदभाव के बहाने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई एवं मुस्लिम बने लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिया जा सकता। दरअसल एनजीओ 'सेंटर फॉर 'इंटेस्ट लिटिगेशन' (एसपीआईएलू) द्वारा शीर्ष न्यायालय में दायर याचिका में मांग की है कि मुस्लिम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित समूहों को आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं दी जाएं, जो एसटी के लोगों को मिलती है। जबकि अनुसूचित जाति से जुड़े कई संगठन ऐसी मांगों का विरोध कर रहे हैं। इस शपथ-पत्र के पहले केंद्र सरकार एक आयोग का गठन कर यह पता लगा रही है कि दलित समाज के जो लोग मुस्लिम और ईसाई बन गए हैं, उन्हें अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए या नहीं। सरकार को उम्मीद है कि न्यायालय इस रिपोर्ट की प्रतीक्षा करेगी। इस प्रश्न के निराकरण के लिए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया है। सेवानिवृत्त आईएएस रविन्द्र कुमार जैन एवं यूजीसी की सदस्य प्राध्यापक सुषमा यादव आयोग के सदस्य है। दो वर्ष में यह आयोग अध्ययन करेगा कि ऐतिहासिक रूप से सामाजिक असमानता और भेदभाव झेलते चले आ रहे दलित यदि संविधान के अनुच्छेद 341 में उल्लेखित धर्मों हिंदू, सिख और बौद्ध के अलावा किसी अन्य धर्म (ईसाई या इस्लाम) में मतांतरित हो गए हैं तो क्या उन्हें अपना मूल धर्म बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाकर सरकारी नौकरियों, पदोन्नतियों और शिक्षा में दिए जाने वाले आरक्षण संबंधी लाभ मिलने की पात्रता दी जा सकती है ? दरअसल यह एक ऐसा जटिल एवं विरोधाभासी मामला बन गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में धर्म परिवर्तन करने वाले अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं, वहीं इसी जाति वर्ग से जुड़े कुछ समूहों द्वारा इस मांग का विरोध किया जा रहा है। दरअसल विरोध कर रहे लोगों की दलील है कि जातिभेद से बचने की उम्मीद से धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों ने पाया कि आखिरकार जातिवाद और छुआछूत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है। उन्हें अलग मस्जिदों और गिरजा घरों में जाने को बाध्य किया जाता है। उनके कब्रिस्तान भी अलग कर दिए गए हैं। कैथोलिक चर्च ने तो यह माना भी है कि दलित से ईसाई बने लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है। यही भेदभाव मुस्लिम बने दलितों के साथ बरता जा रहा है। साफ है, भेदभाव दूर हो जाने के दावे वेबुनियाद हैं। अतएव सरकार ने निर्णायक स्थिति का पता लगाने के लिए ही इस आयोग का गठन किया है। एक साल पहले लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए मांग की थी कि दूसरा ध र्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मध्य-प्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950, जिसे प्रेसिडेन्शियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। इस बाबत रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट ने इस भेद को दूर करने की पैरवी की थी। लेकिन संविधान में संशोधन के बिना यह संभव नहीं था। 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि एक बार जब कोई व्यक्ति हिंदु धर्म या मत छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बन जाता है तो हिंदु होने के चलते उसके सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने की अयोग्ताएं समाप्त हो जाती हैं। लिहाजा उसे संरक्षण या आरक्षण देना जरूरी नहीं है। इस लिहाज से उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा। राज्यसभा में भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव द्वारा पुछे गए एक सवाल के जबाव में पूर्व विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी कहा था कि 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन लोगों ने इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लिया है, वे आरक्षण के लाभ का दावा नहीं कर सकते। यही नहीं ये लोग सरकारी नौकरियों के साथ-साथ संसद और विधानसभा के लिए आरक्षित सीटों पर भी चुनाव लड़ने के योग्य नहीं माने जाएंगे। केवल हिंदू सिख और बौद्ध मत को मानने वाले लोग ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने की पात्रता रखेंगे। इन्हीं लोगों को सरकारी नौकरियों की पात्रता रहेगी।' उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया था कि 'इस्लाम और ईसाई धर्म अपना चुके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम में भी संशोधन की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि हिंदुत्व को मानने वाले और इस्लाम या ईसाई धर्म अपना चुके लोगों के बीच अधिनियम में पहले से ही स्पष्ट विभाजन रेखांकित है।' इस बयान से साफ होता है कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित और बृहद हिंदू धर्म के तहत आने वाले दलितों के बीच अंतर साफ है। यदि कालांतर में कार्यपालिका और विधायिका में बिना किसी बाधा के इस बयान पर अमल की प्रक्रिया शुरू हो जाती तो हिंदुओं में धर्म परिवर्तन थमने का सिलसिला शुरू हो जाता। इससे राष्ट्रवाद को मजबूती मिलती। क्योंकि ज्यादातर ईसाई व इस्लामिक संस्थाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य के बहाने हिंदुत्व और भारतीय राष्ट्रवाद की जड़ों में मट्ठा घोलने के लिए विदेशी धन मिलता है। लेकिन संविधान के अचुच्छेदों की परिभाषाओं में विरोधाभास के चलते रविशंकर प्रसाद के बयान के अनुसार अमल संभव नहीं हुआ। नतीजतन भारत सरकार को आयोग गठन की अधिसूचना में कहना पड़ा है कि 'अभी तक जांच आयोग अधिनियम 1952 के अंतर्गत आयोग ने इस मामले की जांच नहीं की है। इसलिए केंद्र सरकार इस अधिनियम की धारा तीन के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए तीन सदस्यीय जांच आयोग गठित करती है।' अतएव न्यायालय इस रिपोर्ट के आने के बाद ही कोई निर्णायक पहल करेगी ?

**-प्रमोद भार्गव**
**लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# फरार दो वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर। अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी गुरचरण सिंह पुत्र करतार सिंह एक्साइज एक्ट के एक मामले में पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। इसी तरह धारा 380/411 आईपीसी के एक अन्य मामले में ढकिया नंबर 1 कुंडेश्वरी निवासी अरुण कुमार पुत्र दौजीराम की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। दोनों ही वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया

काशीपुर (उद संवाददाता)।सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत देश भर में अलग-अलग स्थानों पर समय समय पर विभिन्न प्रकार के आयामों का आयोजन किया जाता हैं। इसी के अंतर्गत जिला उधमसिंह नगर के आदर्श गाँव बसई के मँझरा में सूर्या फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फिजियोथेरेपी के डॉ. उमेश जी, डॉ. मनोज पाल एवं उनकी सहयोगी टीम उपस्थित रही। इस शिविर में कुल 35 लोगो का जाँच एवं फिजियोथेरेपी के माध्यम से इलाज किया गया जिसमें कमर के दर्द, जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन का दर्द, कंधे तथा घुटनों का जाम हो जाना, प्लास्टर होने के बाद जोड़ों का दर्द पुराना मुड़ना, गठिया का दर्द, हाथ पैरों का सुन्न हो जाना, स्लिप डिस्क एवं सियाटिका, पैरालाइज एवं फॉलिस तथा मांसपेशियों के सभी दर्द का इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किया गया एवं



दावा दिया गया। जैसा कि हम सभी जनते हैं की इस भागम-भाग जिन्दगी में इतने हम व्यस्त हो गए हैं की अपने स्वास्थ्य के लिये समय नहीं निकाल पा रहे हैं और आज के इस भौतिक दुनिया में अधिक से अधिक काम अत्यधुनिक मशीनों के माध्यम से ही हो रहा हैं जिसके कारण हमें लंबे-लंबे समय तक कुर्सी पर बैठ कर एवं खड़ें हो कर काम करना पड़ता हैं जिसके कारण हमारे पूरे शरीर का काम कम होता हैं जिससे हमारे कमर में घुटनों में रीढ़ की हड्डियों में,गर्दन में अन्य कई हमारे शरीर के अंगों में दर्द होने लगता हैं और वह धीरे धीरे बढ़ता जाता हैं और एक स्थाई बीमारी बन जाता हैं जिससे हमें बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं जिसके बाद हम लगातार एलोपैथिक दवाइयां लेने लगते हैं जो कि काम तो करता हैं पर उसे जड़ से खत्म नहीं करता हैं एवं हमारे शरीर को भी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता हैं इन सभी बीमारियों एवं दर्द से छुटकारा पाने का सबसे सही इलाज हैं फिजियोथेरेपी का जिससे हमें कोई एलोपैथिक दावा भी नही लेना पड़ता और हम हमेशा के लिये स्वस्थ्य भी होता जाते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश जी, सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख नीतिश कुमार, आदर्श गाँव प्रमुख भरत साह, शिक्षक रणधीर सिंह सैनी,योगराज सिंह सैनी,विश्वराज,विपन सिंह,मनोज सिंह, अरुण,पुष्पा देवी, एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# रोटरी कॉर्बेट ने लगाया एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर

काशीपुर( उद संवाददाता)। रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर कार्बेट द्वारा पं0 गोविन्द बल्लभ पन्त इण्टर कॉलेज, काशीपुर के प्रांगण में नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाया गया, जिसमें मुख्य योगदान इकोलॉजी क्लब ऑफ आई0आई0एम0 एवं ख्वाहिश फाउण्डेशन का रहा। पालतु पशुओं को शिविर में टीकाकृत करने के साथ-साथ मोबाइल वैन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर स्ट्रीट डॉग्स को टीका लगाया गया। ख्वाहिश फाउन्डेशन एवं आई0आई0एम0 के सहयोगियों ने सुभाष नगर, गढ़वाल कॉलोनी, पटेल नगर,आई0आई0एम0 क्षेत्र, बाजपुर रोड के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर टीकाकरण किया, इस प्रकार लगभग 152 पशुओं को नि:शुल्क टीका लगाया गया। क्लब की अध्यक्षा डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय ने आई0आई0एम0 काशीपुर एवं ख्वाहिश फाउन्डेशन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी सदैव स्वास्थ्य के प्रति सजग रहता है, एंटी रेबीज टीकाकरण इसी दिशा में किया गया कार्य है जो एक अभियान के रुप में समय-समय पर आयोजित किया जाता रहेगा। उन्होंने क्लब की उपाध्यक्षा वेटनरी डॉक्टर रो0 डॉ0 तनु सिंह का विशेष रुप से धन्यवाद किया जिनके अथक परिश्रम से शिविर सफल हुआ, शिविर का उद्घाटन आई0आई0एम0 काशीपुर के डॉ0 मैती एवं डॉ0 कुणाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर रो0 बी0एस0 सेठी, रो0 सुरेन्द्रपाल, रो0 सुभाष शर्मा, डॉ0 वीरपाल सिंह सोढ़ी, डॉ0 तनु सिंह, रो0 डॉ0 सोनल मेहरोत्रा, पूनम जोशी, रो0 मिनी अरोरा, श्रीमती उदिता, विश्वविख्यात बॉक्सर प्रियंका चौधरी, ख्वाहिश की फाउन्डर आयुषी नागर, डॉ0 अमरेन्द्र सिंह (स्वास्तिक हॉस्पिटल), पल्लवी सिंह, हल्दुवा फार्म से गुड्डी ढ़िल्लन आदि लोग उपस्थित रहे।



# वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता पर दिया व्याख्यान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज में 'बाल दिवस' के अवसर पर वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज के विशेषज्ञ जफरुद्दीन ने छात्र छात्राओं को निवेश के आधुनिक विकल्पों के बारे में बताया। उन्होंने म्यूच्यूअल फंड, स्टॉक बाजार और बैंक आदि के अलावा डीमैट अकॉउंट के बारे में जानकारी प्रदान की।



महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. भावना कपूर ने इस जानकारी को विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकगणों के लिए भी लाभप्रद बताया। कार्यक्रम की संयोजक वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता प्रिया गुप्ता रही। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता पाण्डे, विभागाध्यक्ष बीएड डॉ. नीरज जायसवाल, संदीप त्रिपाठी, संजय कुमार, डॉ. रजनी छिम्वाल, डॉ. रुपाली सक्सेना, परविंदर कौर, डॉ. नाजिया बानो, अखिलेश सिंह, आनन्द राम, आँचल जुनेजा, खीमानन्द बिनवाल, रवि कुमार, एकता, अखिलेख खरे, सर्वजीत कौर सहित सभी छात्र-छात्राओं की उपस्तिथि रही।

# धूमधाम से मनाई नेहरू जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैंप स्थित न्यू वुडलैंड एकेडमी में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने रिबन काटकर व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। श्री अधिकारी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को विकसित करने



के लिए निरंतर कार्य किया। विशेषकर वह बच्चों से बहुत प्यार करते थे और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते थे। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ऊंची कूद, लंबी कूद, लंबी दौड़, कबड्डी, खो खो, जलेबी दौड़, नींबू दौड़ प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम किया गया। विद्यालय परिसर में खाने-पीने के स्टाल भी लगाए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। एवं सबसे अच्छे स्टॉल वालों को भी इनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति नयाल, वाइस प्रिंसिपल सुनील गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, नरेंद्र शर्मा, राजकुमारी,अर्चिता अधिकारी, संतोष, राखी झा, अंकित, मीना, सूरज शर्मा, वीरेंद्र कुमार, रोबिन विश्वास आदि मौजूद थे।

# छात्र को गोली मारने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस मामूली विवाद में छात्र को गोली मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने रपट कर ली है। दर्ज रपट में रामरतन पुत्र नन्हें निवासी कृष्ण विहार कालोनी ने कहा है कि उसका पुत्र अमन 13 नवम्बर को सुबह खेड़ा कालोनी के सरकारी स्कूल में खेलने के लिए गया हुआ था। वह अक्सर अपने दोस्तों के साथ वहां खेलने के लिए जाता करता है। खेल खेल में ही दो साथियो ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौच व मारपीट करने लगे। अमन अपना बचाव कर रहा था। आरोप है एक साथी तमंचा ले आया और उसके पुत्र अमन पर गोली चला दी। तमंचे की गोली उसके पुत्र के बायें हाथ में लग गयी। जिससे उसे काफी चोट आयी है। वह सरकारी अस्पताल में भर्ती है। उक्त लोगों ने अमन को जान से मारने की धमकी दी है। जिसके चलते पुत्र अमन को उक्त लोगों से अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**व्यापारी के खाते से ..** मोहित के मुताबिक न तो उसने किसी को कोई चैक दिया था और नहीं किसी को खाते से जुड़ी कोई जानकारी दी थी। सोमवार को इसकी जानकारी मिलने पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में तमाम व्यापारी केनरा बैंक शाखा जा पहुंचे और उन्होंने व्यापारी की गायब हुयी रकम वापस दिलाने की मांग करते हुए जोरदार हंगामा करना शुरू कर दिया। मोहित बब्बर का कहना था कि उनके बैंक खाते से कुल चार बार में 11.60 लाख रूपये निकाले जाने की जानकारी मिली। जबकि उनके द्वारा न रकम निकाली गई और न ही ओटीपी नम्बर शेयर किया गया। अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बैंक प्रबंधक कोचेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यापारी के रूपये शीघ्र वापस नहीं दिये गये तो व्यापारी बैंक में तालाबंदी कर देंगे। जिसकी जिम्मेवारी बैंक प्रबंधक की होगी। बैक मैनेजर अशोक श्रीवास्तव ने व्यापारियों को जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बैंक की ओर से कोई त्रुटि हुयी है तो पैसे वापस दिलाये जायेंगे। इस मौके पर राजेश बंसल, राजकुमार सीकरी, जतिन नागपाल, रौनिक नारंग, पंकज बांगा, यमन बब्बर, विनोद अरोरा आदि व्यापारी मौजूद थे।

**अधिवक्ताओं ने एसएसपी..** करना हो ना सरकार की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एस आई नवीन बुधानी की साठगांठ महकमे के उच्चाधिकारियों से है यही कारण है कि अब तक उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। अधिवक्ताओं ने कहा कि कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन को प्रदेश व्यापी आंदोलन में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में बार काउंसिल के चेयरमैन मदन मोहन लामा से भी वार्ता की गई है। उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया है की ओर वह पुलिस के उच्चाधिकारियों से बातचीत करेंगे। प्रदर्शन कर पुतला दहन करने वालों में ताजबर अब्बास नकवी , अनिल कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सनत कुमार पैगीया, आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी ,पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट, प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं रहमत अली खान सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य व बार काउंसिल के सदस्य हरीश नेगी एडवोकेट वीरेंद्र चौहान, आलोक माथुर ,अब्दुल रशीद, उमेश जोशी ,संजय रोहिल्ला, राम कुवर चौहान, नदीम सिद्दीकी आदि दर्जनों अधिवक्ता गण शामिल रहे।

**१६.४४ ग्राम स्मैक..** ग्राम मिल्क माफी वार्ड नंबर पांच निवासी निशाना सिंह पुत्र स्व महेंद्र सिंह बताया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया है कि आरोपी लम्बे समय से स्मैक की तस्करी में लिप्त है। वह स्मैक पहाड़ के लड़कों तथा चंपावत पिथौरागढ़ आदि पहाड़ी क्षेत्रों में तस्करी करता है। पहाड़ के लोग स्मैक के अच्छे कीमत दे देते हैं। वह नशा करने के काफी आदि हैं। देवेंद्र गौरव ने बताया कि पुलिस टीम के साथ लंबे समय से स्मैक तस्करों का सुराग जुटाने में लगी हैं। पुलिस ने बताया कि स्मैक तस्कर हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के तहत विभिन्न मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया है कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में खटीमा क्षेत्राधिकारी बीर सिंह, थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई विजेंद्र कुमार, संतोष उप्रैती, प्रवीण कुमार, नवनीत कुमार, दीपक कुमार, आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**डाकघर के आउटसोर्स..** सितम्बर माह में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया और तीन माह का वेतन भी नहीं दिया । वेतन नहीं मिलने से उनके सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है।धरनारत कम्रियों ने बताया कि जिले में करीब 70 कर्मचारी है जिन्हें बिना नोटिस दिये नौकरी से हटाया गया है। उन्होंने वेतन नहीं मिलने पर अनिश्चित कालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान राकेश मण्डल, सुधांशु कुमार, सरवन कुमार, ओमप्रकाश, जयप्रकाश आदि मौजूद थे। उधर पोस्ट मार्टर कुंदन लाल ने बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने के बाद डाकघर का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उच्चाधिकारियों को इस मामले में पत्र लिखा गया है।

**डीजीपी ...** कहां तुझे और तेरे बेटों को मारता हुआ और घसीटता हुआ चौकी ले जाऊंगा अन्यथा 25000 का इंतजाम कर दे। कार्यवाही के भय से अधिवक्ता पुत्र ने दरोगा को 20 हजार रुपए दिए। डीजीपी एसएसपी तथा क्षेत्रीय विधायक को लिखित शिकायत करते हुए दरोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई लेकिन अब तक कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं हो सका।

# जानलेवा बनता जा रहा है मधुमेह रोग

## विश्व मधुमेह दिवस पर विशेष

दुनियाभर में डायबिटीज एक ऐसी बीमारी के रूप में उभर रही है जो बेहद तेजी से बच्चों से लेकर युवाओं को अपना निशाना बना रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया भर में इस समय 42 करोड़ से भी अधिक लोग डायबिटीज यानी मधुमेह से पीड़ित हैं।बीते तीस सालों में मधुमेह



पीड़ितों की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है।डायबिटीज से पीड़ित लोगों को हार्ट अटैक (दिल का दौरा)और हार्ट स्ट्रोक (हृदयाघात) हो सकता है। इसके साथ-साथ डायबिटीज से किडनी फेल और पैरों के निष्क्रिय होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इसके बाद भी आम लोगों में इस बीमारी के लक्षणों, बचाव और कारणों को लेकर जागरुकता नहीं है।

**आखिर क्या होती है डायबिटीज?**

जब हमारा शरीर खून में मौजूद शुगर की मात्रा को सोखने में असमर्थ हो जाता है तो ये स्थिति डायबिटीज को जन्म देती है। दरअसल, हम जब भी कुछ खाते हैं तो हमारा शरीर कार्बोहाइड्रेट को तोड़कर ग्लूकोज में बदलता है। इसके बाद पेंक्रियाज से इंसुलिन नाम का एक हारमोन निकलता है जो कि हमारे शरीर की कोशिकाओं को ग्लूकोज को सोखने का निर्देश देता है। इससे हमारे शरीर में ऊर्जा पैदा होती है, लेकिन जब इंसुलिन का फ्लो रुक जाता है तो हमारे शरीर में ग्लूकोज की मात्रा बढ़नी शुरू हो जाती है।

**टाइप 1, टाइप 2 डायबिटीज क्या होती है?**

डायबिटीज के कई प्रकार होते हैं लेकिन टाइप 1, टाइप 2 और गेस्टेशनल डायबिटीज से जुड़े मामलों की अधिक पाए जाते हैं। टाइप 1 डायबिटीज में आपके पेंक्रियाज में हारमोन इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। इससे हमारे खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने लगती है। अब तक वैज्ञानिक ये पता लगाने में सफल नहीं हुए हैं कि ऐसा क्यों होता है, लेकिन इसे आनुवंशिकता और वायरल इन्फेक्शन से जोड़कर देखा जाता है। इससे पीड़ित लोगों में से लगभग दस फीसदी लोग टाइप 1 डाटबिटीज से पीड़ित होते हैं। वहीं, टाइप 2 डायबिटीज में पेंक्रियाज में जरूरत के हिसाब से इंसुलिन नहीं बनता है या हारमोन ठीक से काम नहीं करता है।

**टाइप 2 डायबिटीज इन लोगों को हो सकता है -**

- अधेड़ और वृद्ध लोग।
- मोटे और श्रम न करने वाले युवा।
- दक्षिण एशियाई देशों वाले लोग।
- वहीं, कुछ गर्भवती महिलाएं जेस्टेशनल डायबिटीज से पीड़ित हो सकती हैं।इसमें महिलाओं का शरीर उनके और बच्चे के लिए पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन बनाना बंद कर देता है।

**डायबिटीज के लक्षण क्या हैं?**

- प्यास ज्यादा लगना।
- सामान्य से ज्यादा पेशाब होना, विशेषकर रात में।
- थकान महसूस होना।
- बिना प्रयास किए वजन गिरना।
- मुंह में अक्सर छाले होना।
- आंखों की रोशनी कम होना।
- घाव भरने में समय लगना।

ब्रिटिश नेशनल हेल्थ सर्विस के मुताबिक, टाइप 1 डायबिटीज के लक्षण काफी कम उम्र में ही दिखना शुरू हो जाते हैं। वहीं, टाइप 2 डायबिटीज अधेड़ उम्र के लोगों (दक्षिण एशियाई लोगों के लिए 25 वर्ष की आयु) परिवार के किसी सदस्य के डायबिटीज से पीड़ित होने पर और दक्षिण एशियाई देशों, चीन, एफ्रो-कैरिबियन, अफ्रीका से आने वाले अश्वेतों को ये बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है।

**क्या डायबिटीज से बच सकते हैं?**

डायबिटीज आनुवांशिक और पर्यावरणीय कारकों पर आधारित होती है लेकिन आप अपने खून में ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करके खुद को डायबिटीज से बचा सकते हैं और संतुलित डाइट और व्यायाम करने से ऐसा किया जा सकता है। वहीं, इसकी जगह आप रोजाना की डाइट में सब्जियां, फल, फलियां, और साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं। इसके साथ-साथ सेहतमंद तेल, बादाम के साथ-साथ ओमेगा 3 से प्रचुर खाद्य पदार्थों का सेवन लाभकारी है। शारीरिक व्यायाम से भी ब्लड शुगर लेवल को कम किया जा सकता है। होम्योपैथी में मधुमेह के लक्षणों के उपचार के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं। इसलिए, ऐसी दवाएं लेने से आप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और मधुमेह के कारण होने वाली जटिलताओं से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि, मधुमेह के रोगियों को इन दवाओं का सेवन करने से पहले अपने होम्योपैथिक डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। ऐसी दवाएं सुरक्षित हैं लेकिन, आपको उन्हें सही खुराक में ही लेनी चाहिए,नीचे मधुमेह की कुछ प्रचलित होमियोपैथिक दवाइयों के नाम बताए जा रहे हैं जिन्हे आप मधुमेह के प्रबंधन के रूप में ले सकते हैं।

Abroma Augusta : यह होम्योपैथी में सबसे लोकप्रिय मधुमेह की दवा है। डॉक्टर ऐसे मधुमेह रोगियों को अब्रोमा ऑगस्टा लेने की सलाह देते हैं जो मांसपेशियों के वजन में कमी के कारण अत्यधिक कमजोरी महसूस करते हैं।

Jambolanum:यह सबसे अच्छी होम्योपैथिक दवा है जो रक्त शर्करा स्तर को कम करने में मदद करती है। यह मधुमेह के लक्षणों जैसे प्यास, कमजोरी और अत्यधिक पेशाब का इलाज करती है। रक्त शर्करा के स्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए उचित अंतराल पर इस दवा का सेवन करें।

Uranium Nitricum: यह मधुमेह के लिए एक प्रमुख मूत्रवर्धक होम्योपैथिक उपचार है। यह रक्त शर्करा के स्तर में वृधि के कारण पेशाब की असंयम, एन्यूरिसिस और मूत्रमार्ग में जलन के साथ पेशाब का इलाज करने में मदद करता है। यूरेनियम नाइट्रिकम उच्च रक्त शर्करा के स्तर, उच्च रक्तचाप और फैटी लीवर की स्थिति के इलाज में मदद करती है। डॉक्टर की सलाह के बाद ही यूरेनियम नाइट्रिकम की खुराक लें।

Conium: कोनियम उच्च रक्त शर्करा के स्तर के कारण पैरों और हाथों की सुन्नता और तंत्रिका क्षति का उपचार करता है। यह आपके शरीर के निचले हिस्से में मांसपेशियों की कमजोरी का भी इलाज करता है।

Natrum Phos 3x: यह मधुमेह रोगियों के लिए एक और होम्योपैथी उपचार है। यह पाचन विकारों (digestive disorders) का इलाज करने में मदद करता है और इस तरह रक्त शर्करा के स्तर को कम करता है। मधुमेह रोगियों के लिए अन्य होम्योपैथिक उपचारों के साथ नेट्रम फॉस 3x(Natrum Phos 3x) का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**-डॉ कपिल शर्मा**
होमियोपैथिक फिजिशियन, रूद्रपुर

# बेटियों को न्याय दिलाने के लिए आगे आए धामी सरकार: हरदा

## पूर्व सीएम ने दी रात भर धरने पर बैठने की चेतावनी

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की बेटी अनामिका के साथ गैंगरेप और



हत्याकांड और उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच में वीआईपी गेस्ट का खुलासा करने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पिछले दिनों देहरादून और फिर नई दिल्ली में प्रवासी संगठनों के साथ कैंडिल मार्च निकालकर उन्होंने अनामिका को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी से इस संबंध में पहल करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दाखिल करने के लिए देश के नामचीन अधिवक्ताओं से राय मशवरे की बात कही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ही न्याय की इस लड़ाई को आगे ले जा सकती है। अपने फेसबुक पेज के माध्यम से पूर्व सीएम हरीश रावत ने भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी के साथ निर्भया जैसी ही दरिंदगी हुई। उसके साथ दुष्कर्म और उसकी आंखों में तेजाब डाला गया। उसके अंगों में कांच भर दिया गया। इसके बाद वह तड़प-तड़प कर मर गई। आखिर उसके हत्यारे कौन हैं, आज यह बड़ा प्रश्न बन गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तमाम सामाजिक संगठनों और मूर्धन्य नेताओं ने न्याय की आवाज बुलंद की है। लोग इस लड़ाई को आगे ले जाना चाहते हैं, लेकिन बिना सरकार की मदद के वह बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आरोपियों को बरी कर दिया। देश के मुख्य न्यायधीशों की तीन सदस्यीय बेंच ने यह निर्णय दिया है। इसलिए यदि हमें रिव्यू पिटिशन में जाना है तो इसके लिए देश के नामचीन चार से पांच अधिवक्ताओं से बात करनी पड़ेगी। इस मामले में अब राज्य सरकार ही कुछ कर सकती है। उन्होंने सीएम धामी से आग्रह किया कि वह इस दायित्व को अपने ऊपर लें और इस लड़ाई को अंतिम मुकाम तक ले जाने के लिए आगे आएं। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि वह अपनी बेटी अनुपमा के साथ बहादराबाद थाने के बाहर 48 घंटे धरने पर बैठे थे। अंकिता भंडारी और दिल्ली में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई बेटी को न्याय दिलाने के लिए वह शीघ्र ही फिर से एक रात के लिए धरने पर बैठेंगे। धरने की तिथि वह कांग्रेस नेताओं से परामर्श कर घोषित करेंगे।




आया बड़ा खुशियों का पल आया!
पुलकित करता बाल दिवस आया!
सबके मन को हर्ष आता देखो बाल दिवस! नन्हे-मुन्ने बच्चों का हौसला बढ़ाने बाल दिवस का यह पावन पल आया! मैं देती लख लख बधाइयां
इस पावन पर्व पर!
एक नई उम्मीद जगाने आया बाल दिवस!
प्यारे प्यारे बच्चे सब को लुभाते अपनी मीठी बोली से!
कभी रूठते कभी मान जाते
कभी काम करना कभी बहाने बनाना!
मस्ती के यह फुलवारी हैं बगीचे के यह रंग बिरंगी डाली हैं!
छल कपट से धर्म जाति से अनजान बच्चे एक दूसरे से करते प्यार और मान!
विद्यालय रूपी इस मंदिर में हमने भगवान के रूप में यह बच्चों को चुना है!
प्यारे बच्चे तुम कल के देश का निर्माण करोगे !
भारत भूमि के तुम शान बनोगे!
तुम ही हमारा अभिमान बनोगे!
कदम को यूं ही आगे रखना!
देश को एक नई दिशा प्रदान करना!
बन तुम रंग बिरंगे फूल भारत भूमि को सजा देना! माता-पिता का गौरव तुम बढ़ा देना!
नाम हमेशा तुम ऊंचा रखना शीश गगन का तुम छू जाना।
देते तुमको मैं बधाइयां गौरव का मान बढ़ाना !
प्यारे बच्चों तुम इस देश की शान बन जाना!
नन्हे नन्हे बच्चों तुमसे ही है भारत मां की शान!



**-शालिनी शर्मा, रूद्रपुर**

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा   एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
MITSUBISHI ELECTRIC
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
mi
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
MICROWAVE OVEN
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
WETDRY VACUUM CLEANER
ENHANCEMENT RO+UV
ELEGANT RO+UV+TDS
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
ICICI Bank
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
Bank of Baroda
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)